हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 18 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केन्द्र सरकार ने प्रमुख खाद्य तेल संघों से कहा है कि वे मौजूदा शून्य और साढे 12 प्रतिशत सीमा शुल्क पर □ यातित तेल का भंडार उपलब्ध रहने तक इसके खुदरा दाम न बढ़ायें।खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने कल नई दिल्ली में मूल्य रणनीति के बारे में विभिन्न तेल उत्पादक संघों के प्रतिनिधियों की बैठक में यह निर्देश दिए। हाल ही में सरकार ने घरेलू तिलहन उत्पादकों की मदद के लिए विभिन्न खाद्य तेलों के बुनियादी सीमा शुल्क में वृद्धि की थी।

****

केंद्रीय गृहमंत्री और बी.जे.पी नेता अमित शाह ने कल फरीदाबाद में जन □ शीर्वाद रैली को संबोधित किया और बी.जे.पी प्रत्याशियों विपुल गोयल और राजेश नागर को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस पर तीखे हमले किए और कहा कि बी.जे.पी समाज कल्याण के उद्देश्य से काम करती है जबकि कांग्रेस परिवारों तक सीमित है। श्री शाह ने कांग्रेस की रैलियों में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगने का □ रोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा की धरती पर ऐसे नारे बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सेलजा के बीच मतभेद का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस हरियाणा को □ गे नहीं ले जा सकती। गृहमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बी.जे.पी सरकार ने जीवन को □ सान बनाया है और भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर, बिना पर्ची व खर्ची के नौकरी देने का काम किया है।

****

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए □ दर्श □ चार संहिता की पालना सख़्ती से करवाई जा रही है। हरियाणा पुलिस अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर तस्करों पर कड़ी नज़र रख रही है।श्री अग्रवाल ने बताया कि पुलिस और विभिन्न एजेंसियों द्वारा 16 अगस्त से 16 सितंबर तक 26 करोड़, 82 लाख रूपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकदी एवं बहुमूल्य वस्तुएं ज़ब्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस, □ यकर विभाग और राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग द्वारा 4 करोड़, 73 लाख रूपये की नकदी ज़ब्त की गई है। इसके अलावा विभिन्न एजेंसियों ने 9 करोड़, 82 लाख रुपए की नकदी, 3 लाख, 26 हजार, 17 लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी है।मुख्य

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस दौरान पुलिस स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और रेलवे सुरक्षा बल व अन्य एजेंसियों ने 6 करोड़, 76 लाख रूपये की कीमत के 2 हज़ार, 339 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़े हैं।

****

हरियाणा विधानसभा की सभी 90 सीटो पर 5 अक्तूबर को होने वाले आ म चुनाव के लिए कुल 1031 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं ।हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि इनमें से 930 पुरूष व 101 महिला उम्मीदवार हैं । उन्होंने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों के इलावा 462 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे है जिसमें 421 पुरुष व 41 महिला प्रत्याशी शामिल है।

****

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस आ ज और भारतीय जनता पार्टी कल अपना चुनाव घोषणा-पत्र जारी करेगी।कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोपहर 2 बजे नई दिल्ली में जारी करेंगे, जबकि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प-पत्र बी.जे.पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा द्वारा कल दिन में 11 बजे रोहतक में जारी किया जाएगा।

****

हरियाणा विधानसभा आ म चुनाव में भिवानी जिले में कुल आ ठ लाख 75 हजार 902 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में 941 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इन पोलिंग बूथों में चार पिंक बूथ बनाए गए हैं, जहां पर 2,628 नागरिक अपने मत का प्रयोग करेंगे। पिंक बूथों पर महिला अधिकारी और कर्मचारी मतदान करवाएंगी। भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनाया गया है। इन में लोहारु कस्बे का बूथ नंबर 214, भिवानी शहर में के एम पब्लिक स्कूल का बूथ नंबर 9, कस्बा तोशाम में मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बूथ नंबर 30 और बवानीखेड़ा में प्रेम नगर का बूथ नंबर 153 शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को आ कर्षित करने के लिए पिंक बूथों को रंग-बिरंगे गुब्बारों व फूल-मालाओं से सजाया जाएगा।

****

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने **"एक □ड़ मां के नाम" अभियान** के अंतर्गत अब तक लगभग सात हज़ार पौधे लगाये हैं। मंत्रालय ने अपने शहरी और ग्रामीण इलाकों के क्षेत्रीय कार्यालयों के सहयोग से पौधारोपण किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस अभियान की शुरु□ त की थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रकृति की रक्षा में योगदान देने के लिए अगस्त से इस अभियान की शुरु□ त की थी। मंत्रालय ने बताया कि कल से शुरू हुए **"स्वच्छता ही सेवा" □खवाड़े** के दौरान वृक्षारोपण के अभियान में तेज़ी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।